## बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने का हो रहा प्रयास - सदर विधायक

पडरौना, कुशीनगर। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम जंगल बेलवा मटियरवा दलित बस्ती में प्राथमिक विद्यालय से बरगद टोला जूनियर हाईस्कूल तक पक्की सड़क के निर्माण को विधायक मनीष जायसवाल ने नींव की ईंट रखा। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति तक विकास पहुंचाकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों को पूरा करने का प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण का प्रस्ताव विधायक मनीष जायसवाल ने दिया था जिसकी स्वीकृति मिलते ही ग्रामीणों में खुशी व्याप्त हो गई।

## सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित



### योग को जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश, विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

भटनी देवरिया।

12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण महाविद्यालय, भरहेचौरा भटनी परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य विरासत है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. संपूर्णानंद तिवारी ने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की आधारशिला है । इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने का संकल्प लिया। अंत में राष्ट्रहित एवं जनकल्याण की भावना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भटनी थाने में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

### योग अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली का दिया गया संदेश



भटनी देवरिया। 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवरिया अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में दिन रविवार को थाना भटनी परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय एवं पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास किया। योग कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को दैनिक जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वस्थ जीवनशैली एवं योग के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पडरौना में सामूहिक योगाभ्यास, 90 वर्षीय ध्रुव नारायण पांडेय सम्मानित



पडरौना, कुशीनगर । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद पडरौना एवं पतंजलि परिवार के संयुक्त तत्वावधान में जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि योग व्यक्ति को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है तथा स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने सभी को योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं योगगुरु बाबा रामदेव का आभार व्यक्त किया, जिनके प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रकाश कुमार ने योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी सुभाष सिंह ने आयुष मंत्रालय के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, आयुर्वेद तथा गिलोय, अश्वगंधा, निर्गुण्डी, एलोवेरा सहित विभिन्न औषधीय पौधों के लाभों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में 90 वर्ष से अधिक आयु के ध्रुव नारायण पांडेय को नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान ईओ संतराम सरोज, योग प्रशिक्षक अरविंद कुमार, मनीष जायसवाल, शत्रुधन शाही, अमरदीप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में योग साधक एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## नहर में नहाते समय पाइप में फंसा युवक, डूबने से मौत; चार बचों पर टूटा दुखों का पहाड़

नेबुआ नौरंगिया (कुशीनगर)।

थाना क्षेत्र में नेबुआ देसी शराब भट्ठी के सामने स्थित नहर में शनिवार दोपहर एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान श्रवण राजभर (35) पुत्र नागेश्वर राजभर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार श्रवण नहर में नहाने के लिए उतरा था, तभी वह नहर में लगे पाइप में फंस गया और बाहर नहीं निकल सका। काफी देर बाद उसका



शव पुल के पास फंसा मिला। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सब इंस्पेक्टर मणिन्द्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। काफी प्रयास के बाद शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बताया जाता है कि श्रवण की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। उनके चार बचे हैं, जिनमें सबसे बड़ा पुत्र सन्नी, पुत्री रविना, तथा अमित और अमर शामिल हैं। पिता की असामयिक मौत के बाद बचों के सिर से माता-पिता दोनों का साया उठ गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर है।

## नीट (यूजी) पुनः परीक्षा-2026- कुशीनगर में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न

कुशीनगर। नीट (यूजी) पुनः परीक्षा-2026 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा तथा अधिकारियों ने लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने किसान इंटर कॉलेज साखोपार सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह ने कृषक इंटर कॉलेज मल्लूडीह एवं बुद्धा पीजी कॉलेज, कुशीनगर का भ्रमण कर सुरक्षा एवं परीक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता बरतने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जनपद में परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## विश्व योग दिवस पर कुबेरस्थान शिव मंदिर में योग शिविर, सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास

कुबेरस्थान (कुशीनगर)। विश्व योग दिवस के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर, कुबेरस्थान परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति के जिला महासचिव एवं योग प्रशिक्षक डॉ. इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन तथा राघवेंद्र शर्मा की देखरेख में हुआ। शिविर में विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों योगार्थियों ने ग्रीवा चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, मंडूकासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान तथा सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि योग जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति निरोग एवं स्वस्थ रहता है तथा जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। वहीं अवकाश प्राप्त शिक्षक प्रभुनाथ गुप्ता ने विश्व योग दिवस की महत्ता एवं योग के लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में योग साधक, स्थानीय नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बांसी नदी के तट पर गूंजा योग का संदेश, स्वछता और वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

पडरौना,कुशीनगर । लोक आस्था से जुड़ी जनपद की प्रमुख सहायक नदी बांसी के तट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्साहपूर्वक सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला गंगा समिति कुशीनगर (नमामि गंगे) के तत्वावधान में वन क्षेत्र पड़रौना रेंज स्थित बांसी नदी घाट पर आयोजित कार्यक्रम में योग के साथ-साथ स्वछता एवं वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। "Yoga for Healthy Ageing" थीम पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। राज्य स्वछ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में प्रातःकाल योगाभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक संतोष त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को विभिन्न



योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

क्षेत्रीय वन अधिकारी पड़रौना अशोक कुमार यादव ने कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का सबसे सरल माध्यम है। योग और प्रकृति का संबंध अत्यंत गहरा है। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाना आवश्यक है। जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति कुशीनगर (नमामि गंगे) नम्रता भट्ट ने कहा कि योग दिवस के अवसर पर नदी घाटों पर कार्यक्रम आयोजित



करने का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के साथ-साथ नदी संरक्षण और स्वछता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही स्वछ एवं अविरल नदियों का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। योग प्रशिक्षक आदित्य दुबे ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है। योग प्रशिक्षक संतोष त्रिपाठी नें कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है तथा जीवन को अधिक संतुलित और स्वस्थ बनाया जा सकता है। योग कार्यक्रम के पूर्व बांसी नदी घाट पर स्वछता अभियान चलाया गया। उपस्थित लोगों ने नदी तट से कूड़ा-कचरा हटाकर स्वछता का संदेश दिया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला गंगा समिति ( नमामि गंगे) के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण के अंतर्गत पौधे लगाए गए । कार्यक्रम में ग्राम प्रधान (जंगल सिंहपट्टी) बबलू कुशवाहा, डॉ. आदित्य दुबे, क्षेत्रीय वनाधिकारी पड़रौना अशोक कुमार यादव, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे नम्रता भट्ट, वन रक्षक आकाश त्रिपाठी, संदीप पटेल, मुन्ना गोंड, लड्डू गोंड, आनंद पांडेय, हंसलोक पांडेय, नमूना गद्दी, निजामुद्दीन अंसारी, परमवीर साहनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

